# महाकाल मंदिर में आस्थावानों को न हो कोई परेशानी

▶ श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर में प्रचलित निर्माण कार्यों का निरीक्षण



**उज्जैन।** सिंहस्थ को लेकर शहर भर में निर्माण कार्य चल रहे हैं।इसे लेकर प्रतिदिन अधिकारी दौरा कर रहे हैं। वहीं मंदिर में भी निर्माण चल रहे है। इसी क्रम में कलेक्टर एवं अध्यक्ष रोशन कुमार सिंह और प्रशासक एवं अपर कलेक्टर प्रथम कौशिक द्वारा श्री महाकालेश्वर मंदिर के सामने नवीन टनल, महाराजवाड़ा बड़ा गणेश जी के सामने 24 मीटर सड़क, निर्गम द्वार 10 नंबर गेट, श्री महाकाल महालोक परिसर एवं दर्शन पथ, रुद्र सागर, पंच मुखी हनुमान जी, बड़ा गणेश मंदिर से हरसिद्धि माता मंदिर से रामघाट रोड आदि स्थानों पर चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया।

साथ ही हीट प्रूफ पाथ वे और फोगिंग सिस्टम का भी अवलोक किया। भ्रमण के दौरान कलेक्टर एवं अध्यक्ष द्वारा संबंधित निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया गया कि आगामी महापर्वों, एवं सिंहस्थ महापर्व 2028 को ध्यान में रखते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु किए जा रहे सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। साथ ही अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए। प्रचलित निर्माण कार्यों के निरीक्षण के दौरान विशेष रूप से निर्देश दिए गए कि निर्माण कार्यों के चलते भगवान श्री महाकालेश्वर जी के दर्शन हेतु आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े तथा दर्शन व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित होती रहे।

निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, उज्जैन विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप सोनी, स्मार्ट सिटी सीईओ संदीप शिवा संबंधित निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि एवं मंदिर के अधिकारी उपस्थित रहे।

## आज मां शिप्रा की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा-संत समागम

उज्जैन के सदावल रोड स्थित श्री दादूराम आश्रम में रविवार को मां शिप्रा की मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा, कन्या विवाह, श्री दादू निर्वाण महोत्सव एवं संत समागम का आयोजन आश्रम के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर श्री ज्ञान दास जी महाराज के सानिध्य में होगा।शाम 4 से रात 10 बजे तक समस्त धार्मिक कार्यक्रम किए जाएंगे। भंडारे में संत, ब्राह्मण और भक्तजन प्रसादी ग्रहण करेंगे। ब्रह्म ऋषि संत प्रबल श्री दादू दयाल जी महाराज का निर्वाण महोत्सव का यह 19 वां वर्ष है।



## राज्यमंत्री टेटवाल ने लिया महाकाल का आशीर्वाद

**उज्जैन।** वीआईपी के दर्शन के सिलसिले में शहर के प्रभारी मंत्री और मप्र के कौशल विकास एवं रोजगार विभाग राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने शनिवार को उज्जैन प्रवास के दौरान महाकाल के दर्शन किए। इस अवसर पर उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रवि सोलंकी भी उनके साथ मंदिर पहुंचे। सभी ने नंदीहाल में बैठकर बाबा के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। मंदिर प्रबंध समिति की ओर से टेटवाल एवं सोलंकी का स्वागत किया गया।

# स्वच्छ शनिवार अभियान... नगर निगम अधिकारियों ने रामघाट पर किया श्रमदान



**उज्जैन।** स्वच्छ भारत मिशन 2.0 जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत शनिवार को रामघाट पर निगम अधिकारियों की उपस्थिति में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें घाट की सफाई करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया गया। साथ ही घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं यात्रियों से भी निवेदन किया गया कि नदी में पूजन सामग्री विसर्जित न करें ।

निगम द्वारा घाट पर निर्माल्य कुंड बनाए गए हैं। अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, संजेश गुप्ता, मनोज मौर्य, सहायक आयुक्त प्रवीण मुकाती, घनश्याम मचार, राघवेंद्र सिंह पालिया, पवन कुमार, झोनल अधिकारी मनोज राजवानी, जितेंद्र श्रीवास्तव, स्वास्थ्य अधिकारी हरीश व्यास एवं क्षिप्रा कवच टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

## एक नजर में



### 150 से अधिक लोगों ने कराया रक्त परीक्षण

**उज्जैन।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की जिला शाखा और जिला अस्पताल के सहयोग से पार्श्वनाथ सिटी में नि :शुल्क रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। पार्श्वनाथ रहवासी समिति के माध्यम से आयोजित इस शिविर में 150 से अधिक रहवासियों ने अपने रक्त की जांच कराकर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त की। पार्श्वनाथ सिटी के प्रमुख अभिलाष जैन ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना है। रहवासियों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से बीमारियों का समय रहते पता चल जाता है, जिससे जल्द उपचार शुरू करने में मदद मिलती है। शिविर के दौरान रहवासियों ने जिला अस्पताल से आई टीम का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया और धन्यवाद प्रेषित किया। जिला रेडक्रॉस समिति के सचिव अनुराग जैन ने बताया कि यह आयोजन 8 मई को विश्व रेडक्रॉस दिवस के अंतर्गत चल रहे साप्ताहिक कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा है। कार्यक्रम में जिला रेडक्रॉस के कोषाध्यक्ष विजेंद्र वर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिविर को सफल बनाने में पार्श्वनाथ रहवासी समिति के पदाधिकारियों ईश्वर पटेल, हर्ष जैन, संजय अग्रवाल, नीरव शाह, राहुल बंसल, विजय पावसे, वात्सल्य सिसोदिया, अमित शर्मा, योगेश येवले, हेमंत काकाणी, तपन वैष्णव, स्वप्नेष कुलकर्णी, सीमा सिंधे, अपरा विजयवर्गीय, मनीषा शर्मा, अर्पिता सोमानी और माधुरी सिसोदिया का विशेष योगदान रहा।



### कार्यक्रम आमंत्रण फोल्डर का विमोचन

**उज्जैन।** क्षिप्रा नदी छोटा पुल स्थित शनि मंदिर पर योगी बाबा बमबम नाथ सेवा समिति एवं श्री क्षिप्रेश्वर शनि सामाजिक कल्याण समिति द्वारा शनि जयंती के अवसर पर 16 मई को एक दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर मंदिर समिति द्वारा तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। चक्रवर्ती श्मशान घाट के महंत सोमवार नाथ जी महाराज के सान्निध्य में कार्यक्रम आमंत्रण फोल्डर का विमोचन किया गया। इस फोल्डर के माध्यम से साधु-संतों एवं सामाजिक जनों को कार्यक्रम का आमंत्रण दिया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक धर्मेंद्र जोशी ने बताया कि शनि जयंती के पावन पर्व पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी क्षिप्रा महाआरती, भजन संध्या एवं विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाएगा। कैलाशनिवासी 1008 तपस्वी योगी बाबा बमबमनाथ महाराज द्वारा दिए गए संदेश को आगे बढ़ाते हुए यह आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पीर योगी रामनाथ महाराज एवं महंत योगी महावीरनाथ महाराज उपस्थित रहेंगे तथा श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान करेंगे। 16 मई शनिवार को सायं 6 बजे मंदिर परिसर के समीप क्षिप्रा महाआरती, भजन संध्या एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर गब्बर बाबा ज्ञान नाथ, अचल नाथ अघोर आश्रम, गौरव गायकवाड, रोहित राव, आशीष पुजारी, कार्तिक जोशी, पंडित राजेश व्यास सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित थे।

## जयंती पर महाराणा प्रताप को किया याद

**उज्जैन।** चामुंडामाता चौराहे पर स्थित श्री महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी देशभक्ति को याद किया। इस अवसर पर अनिलसिंह चंदेल, हरदयालसिंह एडवोकेट, अभिषेकसिंह बैस, अनिलसिंह राजपूत, मलखानसिंह दीक्षित, शैलेन्द्रसिंह ठाकुर एवं हिंन्दूसिंह चुंडावत ,शरदसिंह चौहान, प्रदीपसिंह तोमर, श्यामबहादुरसिंह बघेल, राघवेंन्द्रसिंह जादौन, भारतसिंह राठौड़, आदर्शसिंह चौहान, हर्षसिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

# कच्ची शराब बनाने के ठिकानों पर आबकारी विभाग की दबिश

**उज्जैन। अवैध शराब मामलों में आबकारी विभाग टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। बीती रात टीम ने 4 गांवों में दबिश दी। एक महिला को कच्ची शराब के साथ हिरासत में लिया, वहीं कच्ची शराब के कुछ ठिकानों को तबाह किया।**

आबकारी विभाग नियंत्रण कक्ष प्रभारी मुकेश कुमार रंधा ने बताया कि सहायक आबकारी आयुक्त निधि जैन के निर्देश पर जिले में लगातार अवैध और कच्ची हाथ भट्टी से बनने वाली शराब को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में बीती रात जिले के ग्राम सिकंदरखेड़ा, इंगोरिया, खरसौद खुर्द, सिजावता और आसपास के क्षेत्रों में दबिश दी गई। ग्राम सिकंदरखेड़ा के एक मकान से झनाबाई पति अनिल भानमता 43 साल को पकड़ा गया। जिसके मकान से 20 लीटर हाथ भट्टी की शराब बरामद की गई। उक्त शराब मानव उपयोग के लिये हानिकारक थी। मामले में महिला के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा में प्रकरण दर्ज किया गया। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में 9 मामले दर्ज किये गये। जिसमें 5 लोगों पर कार्रवाई की गई। वहीं 4 मामले अज्ञात थे। इस दौरान 40 लीटर हाथ भट्टी की शराब और 1100 किलोग्राम लहान जप्त कर कच्ची शराब के ठिकानों को नष्ट किया गया। मामले व्रत एसआई कैलाश रूई द्वारा दर्ज किये गये हैं।

### दबिश के दौरान ये रहे उपस्थित

दबिश के दौरान सहायक जिला आबकारी अधिकारी जितेंद्र भदौरिया, विजय मेड़ा, ममता भावेल, सुदर्शन काले, उपनिरीक्षक हिमांशु अग्रवाल, आकांक्षा गहरवाल, रानी, शुभांगी और स्टाफ मौजूद था। आबकारी नियंत्रण कक्ष प्रभारी रंधा के अनुसार अप्रैल में माह में जिले में टीम द्वारा लगातार कार्रवाई करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों के साथ होटल, ढाबों पर दबिश दी गई थी। इस दौरान 142 प्रकरण दर्ज किये थे। जिसमें 97 आरोपियों की गिरफ्तारी कर 122 बल्क लीटर शराब और 3475 किलोग्राम लहान जब्त किया गया था।

## 57 प्रकरण निराकृत

**उज्जैन।** प्रशिक्षित मध्यस्थ तथा अभिभाषक ठाकुर हरदयालसिंह एडवोकेट के 57 प्रकरणों का निराकरण 9 मई की नेशनल लोक अदालत में हुआ। जिसमें चेक अनादरण, छोटी धाराओं के प्रकरण तथा परिवारवाद के प्रकरण शामिल हैं। जिसमें प्रमुख रूप से समरीन निवासी उज्जैन का निकाह 2 फरवरी 2013 को इमरान खान के साथ हुआ था। जिनके दो बच्चे हैं। प्रताड़ना के कारण आवेदिका 29/3/2023 से पृथक निवासरथ थी, आवेदिका ने इमरान के विरुद्ध भरण पोषण का केस लगा रखा था। जिसका न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय उज्जैन राकेश कुमार गोयल के न्यायालय समझाइश के आधार पर उभय पक्षों ने रहना स्वीकार किया।

### खंती में गिरी ट्रैक्टर ट्राली, एक की मौत

**उज्जैन।** शुक्रवार-शनिवार दरमियानी रात में आयशर ट्रैक्टर ट्राली के बीच हुई भिड़ंत में किसान की मौत हो गई ट्रैक्टर का चालक मामूली रूप से घायल हुआ है। भिड़ंत के बाद चालक आयशर छोड़कर भाग निकला था। इंगोरिया थाना क्षेत्र के ग्राम खड़ोतिया में रात को ट्रैक्टर ट्राली और आयशर के बीच हुई। टक्कर के बाद ट्रैक्टर ट्राली सड़क मार्ग से नीचे उतरने के बाद खंती में जा गिरी थी। जिसमें सवार रतनलाल पिता राजाराम चौधरी 55 साल निवासी ग्राम असलाना ट्रैक्टर ट्राली के बीच में दब गया था। चालक आजाद को मामूली चोट लगी थी। रतनलाल को ट्रैक्टर ट्राली के बीच से निकाला जाता उससे पहले उसकी मौत हो चुकी थी। दुर्घटना के बाद रतनलाल का शव इंगोरिया पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम के लिए उज्जैन भेजा गया। रात में जानकारी लगने पर परिजन अस्पताल पहुंच गए थे। शनिवार सुबह कोतवाली थाना पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान परिजनों ने बताया कि रतनलाल ग्राम असलाना के रहने वाले थे और ट्रैक्टर ट्राली में उपज लेकर बड़नगर मंडी बेचने गए थे। जहां से लौटते समय ट्रैक्टर ट्राली को पीछे से आयशर द्वारा टक्कर मारना सामने आया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार मामले की जांच इंगोरिया थाना पुलिस को सौंपी जाएगी। मृतक खेती किसानी का काम करता था। बता दें कि किसान अभी अपनी उपज लेकर मंडियों में आ रहे हैं। क्योंकि जल्द पहुंचने के चक्कर में भी रात में भी सफर करने से नहीं चूकते हैं।

# लाठियों से हमला कर युवक की हत्या, टापरी में मिली लाश

▶ ग्राम सरवना में की घटना, खून से सनी लाश मिलने से सनसनी

**उज्जैन।** सरवना में शनिवार सुबह टापरी में खून से सनी लाश मिलना सामने आया है। प्रारंभिक जांच में मामला हत्या का होने पर पुलिस ने जांच शुरू की है। हत्या की वजह मकान विवाद होना सामने आ रहा है।

उन्हेल थाना प्रभारी संतोष चौहान ने बताया कि ग्राम सरवना की टापरी में लाश पड़ी होने की सूचना चौकीदार द्वारा शनिवार सुबह पुलिस को दी गई थी। मौके पर पहुंचने के बाद मामला हत्या का होना सामने आया। मृतक के सिर पर गंभीर चोट के निशान थे और उसकी लाश खाट पर पड़ी हुई थी। मृतक की पहचान रतनलाल पिता रुगनाथ बागरी 40 साल के रूप में हुई। आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर पता चला कि रात में भाई गोकुल के साथ शराब पी रहा था। भाई की तलाश करने पर वह फरार होना सामने आया जिसके चलते उसे पर हत्या की आशंका जताई गई। पुलिस ने एफएसएल टीम को बुलाकर मामले की मौके पर जांच पूरी की ओर शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज किया है। टापरी में शराब की खाली बोतले भी मिली है। कच्ची टपरी के पास भी एक मकान मृतक और उसके परिवार का बना हुआ है जिसका सौदा कर दिया गया था संभवत संपत्ति विवाद में ही रतनलाल की हत्या होना प्रतीत हो रहा है फिलहाल आरोपियों की जानकारी और उनकी गिरफ्तारी नहीं होने तक कुछ भी स्पष्ट कह पाना मुश्किल होगा।

### शादी के बाद मायके आई युवती ने खाया जहर, मौत

**उज्जैन।** 28 अप्रैल को हुई शादी के बाद चार दिन बाद मायके आई युवती ने रात में जहर खा लिया हालत बिगड़ने पर परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे रात 3 बजे युवती की मौत हो गई। शनिवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है। चिमनगंज थाना क्षेत्र के धनवंतरी अस्पताल के पास रहने वाली प्रीति का 28 अप्रैल को कायथा में रहने वाले प्रीतम बोडाना से विवाह हुआ था। चार दिन ससुराल में रहने के बाद प्रीति मायके आ गई थी। बीती शाम को पति उससे मिलने आया था। जिसके लौट के बाद रात 12 बजे के लगभग प्रीति को मामा तूफान सिंह ने उल्टियां करते देखा उसकी हालत काफी खराब थी। प्रीति को चरक अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने जहर खाने की बात कही और उपचार के लिए भर्ती किया। करीब ढाई घंटे चले उपचार के बाद रात 3 बजे प्रीति की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। वही ससुराल से आए पति ने भी किसी तरह का वाद विवाद नहीं होने की बात कही है। पुलिस के अनुसार जांच के बाद ही पता चल पाएगा कि प्रीति ने जहरीला पदार्थ क्यों खाया था।

# कैंप में सिखाए सलाद डेकोरेशन और स्टार्टर बनाने के गुर

▶ सब्जी मंडी छत्री चौक स्थित जामिया इस्लामिया स्कूल में आयोजित हुआ नि :शुल्क सत्र,

▶ बच्चों को बांटे गए पुरस्कार




**उज्जैन।** शहर की सामाजिक संस्था जज़्बा द्वारा आयोजित नि:शुल्क समर कैंप में बच्चों के लिए सलाद डेकोरेशन, सूप और स्टार्टर बनाने का विशेष सत्र संपन्न हुआ। सब्जी मंडी छत्री चौक स्थित जामिया इस्लामिया स्कूल में आयोजित इस सत्र में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पाक कला के गुर सीखे।

हारून नागौरी और असलम मंसूरी ने जानकारी देते हुए बताया कि सत्र का संचालन उर्मिला बागड़िया द्वारा किया गया। उन्होंने बच्चों को कई प्रकार के सलाद बनाने और उन्हें आकर्षक ढंग से सजाने का प्रशिक्षण दिया। सादिक खान और इरशाद नागौरी के अनुसार, इस अवसर पर श्रीमती बागड़िया ने कहा कि आकर्षक सलाद कटिंग और डेकोरेशन के माध्यम से आप अपने परिवार का दिल जीत सकते हैं। सत्र के दौरान बच्चों ने भी मंच से अपने अनुभव और विचार साझा किए। इस अवसर पर कैंप में प्रतिदिन सेवाएं देने वाले शिक्षक परवेज़ ख़ान, शाइस्ता परवीन और शाहेना परवीन सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### भोजन में सलाद और स्टार्टर का विशेष महत्व

संस्था के भुरू शेख और फरीद कुरैशी ने बताया कि अच्छे भोजन से पूर्व एक बेहतरीन सलाद का होना निहायत जरूरी है और भोजन में इसका महत्वपूर्ण स्थान है। नईम खान और अतहर आलम अंसारी ने कहा कि सलाद डेकोरेशन का यह हुनर छात्राओं के भावी जीवन को एक नई दिशा प्रदान करेगा। इसी क्रम में इंसाफ कुरैशी और आरिफ़ ख़ान ने भोजन से पूर्व स्टार्टर को एक महत्वपूर्ण कड़ी बताते हुए इसके फायदे साझा किए।

## शासकीय विभागों से शत-प्रतिशत करें वसूली : महापौर



**उज्जैन।** शासन निर्देशानुसार बकाया सम्पत्तिकर एवं जलकर जमा कराने पर नेशनल लोक अदालत के तहत अधिभार (सरचार्ज) में दी जाने वाली विशेष छूट का प्रावधान नेशनल लोक अदालत में किया जाता है। इसी के क्रम में महापौर मुकेश टटवाल ने शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत झोन क्रमांक 6 का निरीक्षण किया गया। महापौर मुकेश टटवाल ने झोन में अपना बकाया जमा करने आए करदाता से चर्चा कर नेशनल लोक अदालत के अंतर्गत जमा संपत्तिकर एवं जलकर की विस्तृत जानकारी ली गई एवं सहायक राजस्व निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि शासकीय विभागों पर संपत्तिकर एवं जलकर की राशि बकाया है। उसे शत प्रतिशत वसूली करें निरीक्षण के दौरान राजस्व विभाग प्रभारी श्री रजत मेहता सहायक राजस्व निरीक्षक संतोष शर्मा मौजूद रहे।

# नई कार्यकारिणी में जयेश श्रॉफ बने अध्यक्ष

▶ विट्ठल नागर के नेतृत्व में शांतिपूर्ण

▶ माहौल में सर्वसम्मति से संपन्न हुए

**उज्जैन। श्री वल्लभ वैष्णव मंडल के चुनाव महाप्रभु की बैठक पर संस्थापक संयोजक विट्ठल नागर के नेतृत्व में निर्विरोध संपन्न हुए। मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि संपूर्ण मंडल की उपस्थिति में चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण रही और सभी पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया।**

संस्थापक संयोजक विट्ठल नागर के साथ सहसंयोजक के रूप में आनंद पुरोहित, अमित नागर व नूपुर नीमा और समन्वयक के रूप में राजेंद्र शाह, विशाल नीमा व हेतल शाह को जिम्मेदारी दी गई है।

मंडल को मजबूती प्रदान करने के लिए संरक्षक मंडल में प्रहलाद दास नीमा, श्याम माहेश्वरी, बालकृष्ण नागर, सतीश माहेश्वरी, शैलेंद्र राठी, वल्लभ माहेश्वरी, नंदकिशोर माहेश्वरी, राजश्री दिसावल और शारदा सारडा को शामिल किया गया है। मार्गदर्शक के तौर पर रमेश चतुर्वेदी, पवन गोयल, शैलेंद्र नीमा, गिरीश भट्टड, सुरेश शाह, नवल माहेश्वरी, महेश नागर, लक्ष्मी नारायण मूंदड़ा और चंद्रशेखर माहेश्वरी सेवाएं देंगे। वहीं परामर्शदाता की भूमिका में राधा रमन नागर, सुभाष सोनी, सुरेश विजयवर्गीय, प्रकाश गुप्ता, बिहारी लाल राय, घनश्याम भंडारी, मनोज खंडेलवाल, गोविंद खंडेलवाल (मामा) और चिंतामणि त्रिपाठी रहेंगे।

### नवीन कार्यकारिणी में इन्हें किया शामिल

नई कार्यकारिणी में जयेश श्रॉफ को अध्यक्ष एवं निरंजन माहेश्वरी को कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया है। नितिन शाह, सिद्धेश्वर दास और सुदेश नीमा उपाध्यक्ष, मनीष नागर सचिव, बालकृष्ण नीमा सहसचिव, दिपेश शाह कोषाध्यक्ष तथा पवन त्रिपाठी सह कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं। इसके अलावा सुनील नीमा को जन्मदिवस समिति, बसंत नागर को वैवाहिक वर्षगांठ समिति और रविंद्र मूले को रजिस्ट्रेशन समिति का दायित्व सौंपा गया है। मीडिया प्रभारी का प्रभार दीपक राजवानी संभालेंगे।

**अधिकारियों का दौरा** ▶ सुबह-सुबह नए घाट पर पहुंचे अफसर भी हुए उत्साहित, प्रत्येक 200 मीटर पर मिलेगा आसान रास्ता

# 29 किलोमीटर लंबे नए घाट निर्माण से बदलेगी शिप्रा तट की तस्वीर

**उज्जैन।** सिंहस्थ 2028 को लेकर तैयारियां अब धरातल पर स्पष्ट दिखाई देने लगी हैं। शिप्रा नदी के दोनों किनारों पर नए घाटों का निर्माण तेजी से चल रहा है, ताकि देश-दुनिया से आने वाले करोड़ों श्रद्धालु बिना किसी कठिनाई के पवित्र स्नान कर सकें। संत-महात्माओं से लेकर आम श्रद्धालुओं तक सभी के लिए सुरक्षित, सुविधाजनक और व्यवस्थित स्नान व्यवस्था तैयार की जा रही है।

शनिवार सुबह संभागायुक्त एवं सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने अधिकारियों की बड़ी टीम के साथ शिप्रा तट पर पैदल चलकर निर्माणाधीन घाटों का जायजा लिया। यह केवल औपचारिक दौरा नहीं था, बल्कि श्रद्धालुओं की सुविधा को केंद्र में रखकर किया गया एक विस्तृत मंथन था। सुबह की ठंडी हवा, बहती शिप्रा और तेजी से आकार लेते घाटों को देखकर अधिकारी भी उत्साह से भर उठे। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने कहा कि सिंहस्थ 2028 में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को सरलता से घाट तक पहुंचाना और सुरक्षित स्नान कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस उद्देश्य से ऐसे मार्ग चुने जा रहे हैं, जहां श्रद्धालुओं को कम से कम पैदल चलना पड़े और उन्हें सभी सुविधाएं सहज रूप से उपलब्ध हों। शिप्रा किनारे बन रहे ये नए घाट केवल निर्माण कार्य नहीं हैं, बल्कि उज्जैन के आध्यात्मिक भविष्य की मजबूत आधारशिला हैं। जब सिंहस्थ 2028 में संत, महात्मा और करोड़ों श्रद्धालु शिप्रा में आस्था की डुबकी लगाएंगे, तब ये सुव्यवस्थित घाट उनकी यात्रा को सहज, सुरक्षित और यादगार बनाएंगे।

### क्यों बनाए जा रहे हैं नए घाट-पहले ही मिलेंगी जरूरी सुविधाएं

सिंहस्थ के दौरान एक ही दिन में लाखों श्रद्धालु स्नान के लिए घाटों पर पहुंचते हैं। परंपरागत घाटों पर इतनी बड़ी संख्या को संभालना कठिन होता है। इसी चुनौती को देखते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप 29 किलोमीटर से अधिक लंबाई में नए घाट विकसित किए जा रहे हैं। 29 किलोमीटर नए घाट बनने से स्नान के लिए स्थान ज्यादा उपलब्ध होगा, भीड़ का दबाव एक ही क्षेत्र में नहीं रहेगा, संतों और अखाड़ों के आवागमन में सुविधा होगी, दुर्घटनाओं की संभावना कम होगी, श्रद्धालु सहज और सुरक्षित तरीके से स्नान कर सकेंगे घाटों तक जाने वाले मार्गों पर ही टॉयलेट, चेंजिंग रूम, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इससे श्रद्धालुओं को अतिरिक्त दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी और पूरा स्नान अनुभव अधिक व्यवस्थित और आरामदायक होगा सिंहस्थ केवल श्रद्धालुओं का नहीं, बल्कि संत समाज और अखाड़ों की आध्यात्मिक परंपराओं का भी महापर्व है। नए घाटों के निर्माण से संतों के शाही स्नान और अन्य धार्मिक अनुष्ठानों के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध होगा।